कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)
(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) –297943

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / क्र.–14 / 12082 / 2020 रीवा, दिनांक : 10 / 08 / 2020

कक्षा 11वीं के संस्थागत विद्यार्थियों को संकाय आवंटन के संबंध में आवश्यक सूचना

मॉडल स्कूल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 11वीं में संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरा गया है। ऐसे विद्यार्थियों को पात्रतानुसार संकाय आवंटित कर दिया गया है तथा आवंटित किये गये संकाय हेतु चयन सूची दिनांक 06.08.2020 को ऑनलाइन विद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों को ऑनलाइन शुल्क जमा करने एवं संकाय आवंटन फार्म जमा करने के लिये निम्नानुसार दिशा निर्देश एवं समय सारणी निर्धारित की जाती है :–

1. संकाय आवंटन हेतु चयनित विद्यार्थियों को एप्लीकेशन नम्बर का उपयोग करके संकाय आवंटन फार्म **(Stream Allotment Form)** निर्धारित अवधि में ऑनलाइन भरना होगा।
2. ऑनलाइन संकाय आवंटन फार्म **(Stream Allotment Form)** के साथ चयनित विद्यार्थियों को संकाय अनुसार **(Stream wise)** शुल्क का ऑनलाइन भुगतान अनिवार्यतः करना होगा।
3. सत्र 2020–21 हेतु मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को ऑनलाइन संकाय आवंटन फार्म **(Stream Allotment Form)** के साथ निम्नानुसार शुल्क जमा करना होगा :–

कक्षा	गणित	बायोलॉजी	कामर्स	कृषि
11वीं	1797 / –	1892 / –	1617 / –	1892 / –

4. कक्षा 11वीं में संकाय आवंटन हेतु चयनित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों के लिये ऑनलाइन संकाय आवंटन फार्म **(Stream Allotment Form)** एवं शुल्क जमा कर सत्यापन करवाने हेतु निम्नानुसार अंतिम तिथियाँ निर्धारित की जाती है, अंतिम तिथि तक ऑनलाइन शुल्क एवं फार्म जमा नही करने एवं सत्यापन नहीं करवाने पर प्रतीक्षा सूची **(Waiting List)** के विद्यार्थियों का चयन संकाय आवंटन हेतु किया जावेगा :–

ऑनलाइन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि एवं समय	ऑनलाइन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक बंद होने की तिथि	चयनित विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन भरा गया फार्म एवं संलग्न किये गये दस्तावेज विद्यालय में जमा कर आवंटित संकाय सुनिश्चित करने की अवधि	निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन फार्म एवं शुल्क जमा नही करने के कारण रिक्त हुई सीटों पर **Waiting List** से सीट भरने हेतु प्रस्तावित अवधि
13.08.2020 को प्रातः 11:00 बजे से	20.08.2020 को सायं 4:00 बजे तक	13.08.2020 को दोपहर 12:00 बजे से 20.08.2020 को सायं 5::00 बजे तक	21.08.2020 से 27.08.2020

5. विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म में माध्यम, प्राप्तांक एवं स्कूल का प्रकार आदि की गलत प्रविष्टियाँ अंकित करने पर रजिस्ट्रेशन फार्म अमान्य कर दिये गये है तथा संकाय आवंटन हेतु विचार में नहीं लिये गये है।
6. ऐसे आवेदकों को संकाय आवंटन हेतु पात्रतानुसार सीट रिक्त होने के उपरांत ही विचार किया जावेगा। विद्यार्थियों को पात्रतानुसार ऑनलाइन आवंटित किये गये संकाय में परिवर्तन किया जाना संभव नही होगा।
7. कक्षा 11वीं के संस्थागत विद्यार्थियों को संकाय आवंटन फार्म **(Stream Allotment Form)** के लिये एम. पी. ऑनलाइन के ओ.एस.एम.एस. पोर्टल पर ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म भरना होगा तथा इस फार्म के साथ केवल स्थानीय मद के कुल शुल्क को ऑनलाइन जमा करना होगा। शेष अन्य मदों के शुल्क–शिक्षण शुल्क, वार्षिक परीक्षा शुल्क को जमा करने हेतु पृथक से आदेश जारी किये जावेंगे।

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)